आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 30.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 66 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की।
- अपर मुख्य सचिव, वित्त आनन्द बर्द्धन ने राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को समय से प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- उत्तराखंड के स्टेट डेटा सेंटर को सुरक्षित बनाने के लिए डेटा बैकअप एण्ड रिकवरी पालिसी को संशोधित किया गया है।
- आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखंड सरकार, खेल मंत्रालय और विभिन्न हितधारक मिलकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे।

धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 66 करोड़ बारह लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि की सहायता से प्रदेश में सड़क मार्गों को सुरक्षित यातायात के लिए और बेहतर बनाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सभी ज़िलों के लिए एक करोड़ पैंतीस लाख रुपए की धनराशि भी स्वीकृत की है। इस धनराशि से शीतलहरी के बचाव के लिए अलाव जलाने और कम्बल वितरण की व्यवस्था की जाएगी।

राजस्व प्राप्ति

अपर मुख्य सचिव वित्त आनन्द बर्द्धन ने राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया है। सचिवालय में राज्य कर, स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, खनन, वन, परिवहन और ऊर्जा विभाग की राजस्व प्राप्ति की समीक्षा के दौरान श्री बर्द्धन ने सभी विभागों के अधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिये। उन्होंने ऊर्जा, वन, और राज्य वस्तु एवं सेवा कर में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति करने के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

नवीकरणीय ऊर्जा

राजधानी देहरादून में वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक आठ हजार से अधिक रूफ टॉप सोलर संयत्र स्थापित किए गए हैं।

इस वित्तीय वर्ष के अंत तक देहरादून शहर में दस हजार ऐसे संयत्र लगाने का लक्ष्य है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की उपनिदेशक मिनी प्रसन्नाकुमार ने देहरादून में पी०एम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और पी०एम कुसुम योजना सहित अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न स्थलों का दौरा किया। उन्होंने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे काम के लिए प्रशासन की प्रशंसा की।

इधर, यू०पी०सी०एल के सौर सेल के नोडल अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि उत्तराखण्ड में वर्तमान तक पी०एम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत लगभग 32 मेगावाट क्षमता के आठ हज़ार से अधिक सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। उत्तराखण्ड में वर्तमान तक 300 से अधिक अधिकृत सोलर वेंडर्स पंजीकृत हैं जिनसे उपभोक्ता द्वारा घरों पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित किये जा रहे हैं।

## वितरण

चमोली ज़िले के मुख्यमंत्री आदर्श गांव सारकोट में ज्योति ग्राम संगठन सारकोट को खाद्य फसल और मोटा अनाज प्रसंस्करण इकाई वितरित की गयी। इसमें समूह को आटा चक्की, धान, झंगोरा चक्की और मसाला चक्की जिला योजना के माध्यम से 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराई गयी है। महिला कृषकों द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रो के माध्यम से क्षेत्र में उत्पादित फसलों का प्रसंस्करण करते हुए विपणन किया जाएगा, जिससे किसानों की आय में बढोतरी होगी।

## अखिल भारतीय सम्मेलन – पुलिस

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल भुबनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम मेधा और ड्रोन हमले जैसी उभरती चुनौतियों पर विमर्श किया जाएगा। इस दौरान आतंकवाद से निपटने पर भी चर्चा होगी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

## बूढ़ी दीवाली

पहाड़ों की रानी मसूरी में बूढ़ी दीवाली (बग्वाल) का पर्व इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जौनपुर, जौनसार और रवाईं क्षेत्र के निवासियों की संस्था अगलाड़ यमुनाघाटी विकास मंच मसूरी के तत्वावधान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन मसूरी के कैम्पटी रोड पर स्थित पुराने चकराता टोल चौकी के समीप हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डिबसा पूजन और होलियात के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वस्त्रों में सजे हुए थे, जो उत्सव की रंगत को और बढ़ा रहे थे।

इसके बाद, रासो तांदी और धुमसू जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही, भिरूड़ी फेंकी गई और चिउड़ा बांटा गया, जो इस अवसर की एक महत्वपूर्ण परंपरा थी।

<u>साइबर सुरक्षा प्रयास</u>

उत्तराखंड के स्टेट डेटा सेंटर को सुरक्षित बनाने के लिए डेटा बैकअप एण्ड रिकवरी पालिसी को संशोधित किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया कि स्टेट डेटा सेंटर को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने चौबीसों घंटे चलने वाला सुरक्षा संचालन केंद्र भी शुरू किया है, जिसने पिछले दो महीने में एक हज़ार सात सौ से अधिक साइबर हमलों को निष्फल किया है। श्रीमती खंडेलवाल ने बताया कि सुधार की प्रक्रिया लगातार जारी है और इससे एक मजबूत साइबर सुरक्षा परिक्षेत्र विकसित होगा और डिजिटल सार्वजनिक जानकारियां सुरक्षित रहेंगी।

<u>राष्ट्रीय खेल तैयारियां</u>

उत्तराखंड में होने वाले आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए सरकार, खेल मंत्रालय और विभिन्न हितधारक मिलकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

राष्ट्रीय खेल सचिवालय उत्तराखंड के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि उत्तराखंड, 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन करेगा। राज्य सरकार ने पहले ही खेलों के आयोजन के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर रायपुर और अन्य स्थानों पर तैयारियां तेज कर दी हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस खेल परिसर, एथलीटों के आवास और अन्य बुनियादी ढांचे को उच्चतम स्तर पर तैयार किया जा रहा है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा और लगभग सभी स्थानों में मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय न होने के कारण इस बार अभी तक बारिश–बर्फबारी नहीं हुई है।

<u>बैठक</u>

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने हरिद्वार दौरे के दौरान कल जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने तीर्थनगरी हरिद्वार को और अधिक दिव्य और भव्य बनाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारी, हरिद्वार की ऐतिहासिक और पौराणिक पहचान को बनाए रखते हुए यातायात व्यवस्था, सफाई और सौंदर्यकरण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें।

उन्होंने जिलाधिकारी को जिले के आकांक्षी क्षेत्रों के विकास के लिए विस्तृत योजना तैयार करने को कहा। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

<u>कार्बन उत्सर्जन</u>

भारत जी–20 देशों में सबसे कम प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन करता है। देश का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन 17 लाख 76 हजार टन है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, अमरीका और सऊदी अरब उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में आते हैं।

एक नजर समाचार पत्र की सुर्खियों पर

उत्तरप्रदेश के संभल में मस्जिद विवाद की ख़बर को हिंदुस्तान, राष्ट्रीय सहारा सहित लगभग सभी समाचार पत्रों ने अपने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। अमर उजाला सर्वोच्च न्यालयय के हवाले से लिखता है– ट्रायल कोर्ट कोई आदेश न दे, मस्जिद समिति हाइकोर्ट जाए, सरकार शांति–सद्भाव बनाए रखने। इसी खबर पर हिंदुस्तान समाचार परत्र का शीर्षक है– संभल मामलने की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, मस्जिद विवाद में हाईकोर्ट में सूचीबद्ध होने तक जिला अदालत में कार्यवाही न हो।

राज्य सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा को संचालित करने पर जोर दे रही है। इसी ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– चारधाम के शीतकालीन गद्दीस्थलों की यात्रा को सरकार ने कसी कमर, शीतकालीन गद्दस्थलों में जी०एम०वी०एन के होटल में ठहरने पर मिलेगी 10 प्रतिशत छूट। इसी ख़बर पर हिन्दुस्तान समाचार मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– शीतकालीन प्रवास यात्रा जल्द शुरू करेंगे।

एक अन्य खबर पर दैनिक जागरण लिखता है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दिसंबर को करेंगे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का उद्घाटन

बूढ़ी दीपावली के आयोजन पर राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है – अगलाड़ यमुना घाटी विकास मंच के तत्वावधान में दीपावली के एक माह बाद आने वाले बग्वाल पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने भेलो खेलकर ढोल दमाऊ की थाप पर जमकर नृत्य किया।

राज्य में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस ख़बर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– तेरह आई.ए.एस, पांच पी.सी.एस अधिकारियों के दायित्व में फेरबदल।